प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...........

राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 27 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में कृषि आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। इनमें बीकानेर की अनाज कृषि उपज मंडी समिति में कार्यो के लिए 3 करोड़ 8 लाख रुपये और अलवर की विशिष्ट श्रेणी की कृषि उपज मंडी समिति के लिए 5 करोड़ 40 लाख रुपये के नये निर्माण कार्य कराये जायेंगे। वहीं जयपुर के जमवारामगढ़ फल और सब्जी की कृषि उपज मंडी समिति में सब यार्ड बनाया जायेगा जिस पर 9 करोड़ 02 लाख रुपये खर्च होंगे। इस बीच श्रीगंगानगर के साधूवाली में राज्य सरकार ने पिछले बजट में गाजर मण्डी विकसित करने की घोषणा की थी। इसके लिए जमीन हस्तान्तरण की प्रकिया चल रही है।

............

कोटा बूंदी क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को पोषण की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों की डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को पोषण किट उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही, उन्हें हर महीने पोषण किट, चिकित्सकीय परामर्श, निशुल्क दवाइयां और नियमित वैक्सिनेशन की सुविधा भी दी जाएगी।

............

प्रदेश में इस साल जून तक जनगणना नहीं होगी। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने नई प्रशासनिक यूनिट बनाने या उनकी सीमाओं में बदलाव करने पर दी गई छूट को 30 जून तक बढ़ा दिया है। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने पहले नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर पिछले साल एक जुलाई से रोक लगा दी थी। इसके बाद अक्टूबर–2024 में नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर लगी रोक को हटाते हुए 31 दिसंबर 2024 तक छूट दी थी। अब छूट की अवधि को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल के आदेशों के बाद अब राज्य सरकार जिले तहसील की सीमाओं में भी बदलाव कर सकेगी।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर लोगों को बधाई दी है। उन्होंने सभी के जीवन में प्रसन्नता और शांति की कामना की है। श्री मोदी ने अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को एक चादर भी दी जिसे प्रधानमंत्री की ओर से कल दरगाह शरीफ में भेंट किया जायेगा।

............

जोधपुर में टाउन हॉल में आज से हीरक जयंती राष्ट्रीय नाट्य समारोह शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस समारोह में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी और नई दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय–एनएसडी की रेपर्टरी कम्पनी की ओर से एक साथ तीन नाटकों का मंचन किया जायेगा। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के सचिव डॉ. सरिता फिड़ोदा ने बताया कि एनएसडी इस वर्ष 60 वी वर्षगांठ रंग षष्ठी के रूप में मना रहा है। इसके तहत देश के अलग अलग शहरों में एनएसडी के नाटकों का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन नाटक **बंद गली का आखिरी मकान** का मंचन होगा।

............

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र के शिल्प ग्राम में कल से दो दिनों का नन्हे कलाकार फेस्टिवल शुरू होगा। फेस्टिवल में नन्हे कलाकार बच्चों एवं युवाओं को राजस्थान की कला और संस्कृति से जोड़ने की एक अनूठी पहल है। फेस्टिवल में चार विभिन्न प्रकार के म्यूजिक बैंड्स अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें राजस्थान के पचास से अधिक लोक कलाकारों की ओर से विभिन्न प्रकार के लोक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे। साथ ही विभिन्न विषयों पर टॉक शो और कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

............

प्रदेश में आज भी कई शहरों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने से यातायात भी प्रभावित नजर आया। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे कम तापमान 5 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस वनस्थली में दर्ज किया गया। वहीं राज्य के कई जिलों में तापमान में हल्की बढोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसा श्रीगंगानगर में 6 दशमलव 1, अलवर में 6 दशमलव 2, नागौर में 6 दशमलव 3, पिलानी में 6 दशमलव 4, चित्तौडगढ में 6 दशमलव 5, सीकर के फतेहपुर में 6 दशमलव 6, राजधानी जयपुर में 8 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आगामी दिनों में सर्दी के प्रभाव में कमी होने की संभावना जताई है। साथ ही कल और परसों बादल छाये रहने और कुछ जगहों पर बूंदाबांदी का भी पूर्वानुमान है।

...........

आज समाज सुधारक सवित्रीबाई फुले की जंयती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजति दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सवित्रीबाई फुले को महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार और शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत और मार्गदर्शक बताया।

..........